जागरण

# हरिद्वार में नकली नोट छापने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो लोग गिरफ्तार

Publish Date:Thu, 26 Sep 2019 02:25 PM (IST)



हरिद्वार में नकली नोट बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर पुलिस ने उनके पास से 100 रुपये के 47 नकली नोट बरामद किए।

हरिद्वार, जेएनएन। पुलिस ने हरिद्वार के पास खानपुर क्षेत्र में नकली नोट बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर पुलिस ने उनके पास से 100 रुपये के 47 नकली नोट बरामद किए हैं। इसके अलावा 1200 अधछपे नोट भी मिले हैं। आरोपितों के एक साथी की तलाश की जा रही है।

लक्सर के पुलिस क्षेत्राधिकारी राजन सिंह ने बताया कि पुलिस को खानपुर में नकली नोट छापने की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस टीम ने छापा मारकर दो लोगों को पकड़ा। पकड़े गए लोगों ने अपनी पहचान गोपाल पुत्र राजेंद्र निवासी ग्राम तुगलपुर थाना खानपुर व नेत्रपाल उर्फ नीटू पुत्र बलबीर निवासी टांडा महतौली कोतवाली लक्सर जिला हरिद्वार बताई।

पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे लक्सर के पास प्रीतपुर गांव निवासी नीटू पुत्र रमेश के साथ मिलकर नकली नोट बनाने का धंधा कर रहे थे। पुलिस ने प्रीतपुर गांव में नीटू के ठिकाने पर भी छापा मारा, लेकिन वह हाथ नहीं आया। उसके ठिकाने से पुलिस ने लैपटॉप, प्रिंटर, छपाई में इस्तेमाल होने वाली स्याही, पेपर कटर आदि बरामद किए।

Posted By: **Sunil Negi**

**Source:** https://www.jagran.com/uttarakhand/haridwar-two-people-arrested-in-printing-fake-currency-at-haridwar-19615098.html